प्रारूप–1

(11)

# प्रतिवेदन

कार्य का नाम :– जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड रिखणीखाल में देवियोखाल –डाबरीसैण – डाबरीपल्ली –मुगयाखाल तक मोटर मार्ग का निर्माण। लम्बाई (4.00) किमी0।

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति राज्य योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 7235/III (2) 11 –139 (प्रा0आ0 )2011 के द्वारा 4.00 किमी0 के लिए रू0 50.40 लाख की प्राप्त हुई है। इस मार्ग का समरेखण देवियोखाल – चुण्डई – रिखणीखाल मोटर मार्ग के किमी0 39 से मुगयाखाल नामक स्थान से खण्ड साइड में आरम्भ होता है जो 4.00 किमी0 लम्बाई में ग्राम – डाबरीपल्ली से होते हुये डामरीसैण तक जाता है।

प्रस्तावित 4.00 किमी0 स्वीकृत मार्ग ग्राम डाबरीपल्ली गांव की नाप एवं सिविल भूमि से होता हुआ इण्टर कालेज के समीप डाबरीसैण में समाप्त हो रहा है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग गढवाल वन प्रभाग पौड़ी के क्षेत्रान्तर्गत पड़ता है। जिसमें विभिन्न प्रकार की भूमि का मदवार क्षेत्रफल विवरण निम्नवत है।

| भूमि का प्रकार | लम्बाई किमी0 में | चौड़ाई मी0 में | क्षेत्रफल हे0 में |
|---|---|---|---|
| सिविल राज्य भूमि | 0.921 | 9.00 | 0.829 |
| आरक्षित वन भूमि | शून्य | शून्य | शून्य |
| वन पंचायत भूमि ग्राम – डाबरीपल्ली | 0.178 मी0 | 9.00 मी0 | 0.160 हे0 |
| नाप भूमि | 2.901 | 9.00 मी0 | 2.611 हे0 |
| **योग** | **4.000** | **9.00 मी0** | **3.600** |

यह क्षेत्र अत्यन्त दुर्गम एवं पिछडा क्षेत्र है। जहां यातायात की कोई सुविधा नही है। क्षेत्रीय जनता को अत्यधिक पैदल दूरी तय करने के पश्चात यातायात की सुविधा मिलती है। इस मार्ग के निर्माण से प्रसिद्व ताड़केश्वर धाम ब्लॉक मुख्यालय एवं मुख्य बाजार रिखणीखाल व कोटद्वार की दूरी कम समय में तय करनी पडेगी । मार्ग निर्माण से पूर्व वन भूमि का हस्तान्तरण जनहित में आवश्यक है।

अतः क्षेत्रीय जनता की सुविधाओं को मध्यनजर रखते हुए मार्ग निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली सिविल वन ,व वन पंचायत भूमि जिसका क्षे0 0.989 हे0 है का प्रस्ताव वन भूमि हस्तान्तण हेतु गठित किया गया है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,
लैन्सडौन

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0
लैन्सडौन

C:\Users\DELL\E\Desktop\kola pultanda.docx (Page-21)